भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3993

उत्तर देने की तारीख 12 दिसम्बर, 2019
21 अग्रहायण, 1941 (शक)

इंडोर/आउटडोर स्पोर्ट स्टेडियम का निर्माण

3993. श्री कृपानाथ मल्लाहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को आर॰ के॰ नगर में इंडोर और आउटडोर स्पोर्ट स्टेडियम के निर्माण के लिए असम सरकार के खेल और युवा कल्याण विभाग से परियोजना अवधारणा पत्र प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कुछ वर्ष पहले करीमगंज जिला खेल संघ को लगभग 50 बीघा सरकारी भूमि आबंटित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार इस प्रयोजनार्थ आवश्यक धनराशि प्रदान करने हेतु आवश्यक व्यवस्था करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : जी नहीं । ऐसा कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में प्राप्त नहीं हुआ है । तथापि, 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण इंडोर और आउटडोर खेल स्टेडियम के निर्माण सहित खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व असम राज्य सरकार का है । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय प्रशिक्षण, कोचिंग और खेल अवसंरचना की कमियों को दूर कर उनके प्रयासों की पूर्ति करता है । यह मंत्रालय ना तो भूमि आवंटित करता है और ना ही राज्य और जिला स्तरीय खेल संघों से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है । राज्य सरकार द्वारा राज्य और जिला स्तरीय खेल संघों को आवंटित भूमि संबंधी सूचना इस मंत्रालय द्वारा एकत्रित या रखी नहीं जाती है ।

(ग) और (घ) : प्रश्न नहीं उठता ।

****